(ख) बाहर कोई खड़ा है ।

(ग) यह मेरी कलम है ।

(घ) अमल ने तुम्हें क्यों मारा ?

(ङ) मुझे आज बाज़ार जाना है ।

(च) तुम्हारा घर कहाँ है ?

11. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें – [6]

(क) मुझे बड़े होकर डॉक्टर बनना है। (संज्ञा चुनकर भेद लिखें)।

(ख) कार खड़ी है । (रेखांकित शब्द का लिंग बताएँ) ।

(ग) तारा चमक रहा है । (वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखें)।

(घ) माँ पूजा कर रही है । (क्रिया चुनकर भेद लिखें)।

(ङ) यह अच्छे आदमी हैं । (वाक्य शुद्ध करें)।

(च) मछली जल से तैर रही है । (वाक्य शुद्ध करें) ।

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2018-2019

हिन्दी भाषा

कक्षा : IV

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें। [12]

(क) आपके परिवार में बहुत सारे सदस्य हैं। जैसे :- दादा-दादी, नाना-नानी आदि। इनमें से आपका सबसे प्रिय सदस्य कौन है और क्यों ? उनके बारे में लिखें।

(ख) आप छुट्टियों में किस शहर में घूमने गए? वहाँ आपने क्या-क्या देखा ? आपको वहाँ क्या-क्या अच्छा लगा ? अपने अनुभव का वर्णन करें।

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें। [10]

(क) बीमार दादी माँ की देखभाल के लिए तीन दिनों का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्या को आवेदन पत्र लिखें।

(ख) आपने अपना जन्मदिन किस प्रकार मनाया ? जन्मदिन पर आपको कौन-कौन से उपहार मिलें ? इसके बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखें।

3. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें –

एक बुढ़िया एक झोंपड़ी में रहती थी। एक दिन सवेरे-सवेरे ही एक साधु उसकी झोपड़ी के सामने आकर भिक्षा माँगने लगा। बुढ़िया झोंपड़ी के अंदर से थोड़ा सा आटा ले गई और साधु की झोली में

{Turn Over}

Downloaded From www.icseboard.org

डालकर बोली – "मैं बहुत गरीब हूँ। इसलिए थोड़ा-सा ही आटा दे रही हूँ।" साधु ने अपनी झोली से एक मुर्गी निकाली और बुढ़िया को देते हुए बोला – "माँ यह मुर्गी तुम्हारी सारी गरीबी दूर कर देगी। यह प्रतिदिन एक सोने का अण्डा देगी। तुम उसे बेच कर धनवान बन जाओगी। परन्तु ध्यान रखना – मुर्गी को अच्छा दाना-पानी देना और इसे मारना नहीं।" यह कह कर साधु चला गया। सोने का अण्डा देने वाली मुर्गी को पाकर बुढ़िया बहुत खुश हुई। कुछ ही दिनों में उसकी झोपड़ी के स्थान पर एक पक्का घर बन गया। एक दिन बुढ़िया सोचने लगी – "इस मुर्गी के पेट में तो बहुत से अण्डे होंगे। इसका पेट चीर कर सारे अंडे एक साथ ले लूँगी और मैं बहुत अमीर हो जाऊँगी।" वह साधु की कही बात भूल गई और लोभ में आ कर उसने मुर्गी को मार डाला। परंतु पेट में से तो उसे एक भी अंडा न मिला। वह फूट-फूट कर रोने लगी। उसका रोना-धोना सुनकर कुछ लोग इकट्ठे हो गए। एक ने पूछा – "तुम ने मुर्गी को क्यों मारा डाला ?" बुढ़िसा सिर पीटती हुई बोली – "अधिक अण्डों के लोभ में आकर ही मैंने इसे मार दिया है, परन्तु मुझे इसके पेट से एक भी अंडा नहीं मिला।"

सच है – "लालच का फल हमेशा बुरा होता है।"

(क) बुढ़िया कहाँ रहती थी ? उसने साधु को भिक्षा में क्या दिया ? [2]

(ख) साधु ने बुढ़िया को मुर्गी देते हुए क्या कहा ? [4]

(ग) बुढ़िया ने मन ही मन क्या सोचा ? [3]

(घ) बुढ़िया ने लोगों से मुर्गी को मारने का क्या कारण बताया ? [3]

(ङ) इस कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ? [2]

(च) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलें –
बुढ़िया, मुर्गी । [2]

4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें। (शब्द उतारें) [6]

अद्भुत, पुत्री, उत्साह ।

5. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों दो-दो अर्थ लिखें – (शब्द उतारें) [6]

गुरू, धन, अंबर ।

6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें :- (शब्द उतारें) [4]

अमृत, थोड़ा, सफलता, कमज़ोर ।

7. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें :- [4]

(क) जो सत्य बोलता है –

(ख) जो अभिनय करता है –

(ग) दो मंजिल वाला –

(घ) जो आज के ज़माने का हो –

8. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करें – (शब्द उतारें) [3]

ऐसा, सुई, पताल, क्रपा, वायू, प्रसंशा ।

9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखें – [4]

(क) कमर कसना (ख) चार चाँद लगना

(ग) दिल पसीजना (घ) नींद हराम होना

10. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द चुनकर उनके भेद लिखें। [9]

(क) हमें गरीबों की मदद करनी चाहिए।

{Turn Over}

Downloaded From www.icseboard.org